# विज्ञानोदय

अंक-11 अक्तूबर-दिसम्बर 2021

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली - गतिविधियों की हिन्दी संक्षेपिका


## निदेशक की कलम से



राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र की तरफ से आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ !

प्रसन्नता का विषय है कि राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली अपने समस्त कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के साथ प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से अपने दर्शकों के साथ निरन्तर संलग्न है। केन्द्र ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस तिमाही में केन्द्र द्वारा 'गांधी जी और विज्ञान' पर लोकप्रिय वार्ता, वन्य जीवन सप्ताह का आयोजन, विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह, पृथ्वी विज्ञान सप्ताह इनोवेशन सदस्यों के लिए टूल ऑपरेशन वर्कशॉप, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, भारत के एकीकरण की कहानी- सरदार पटेल का योगदान विषय पर लोकप्रिय व्याख्यान, विश्व विज्ञान दिवस, कम लागत वाली शिक्षण सहायक सामग्री विकास पर कार्यशाला, बाल दिवस - बच्चों के लिए सप्ताह पर्यन्त चलने वाला कार्यक्रम, कॉमिक मेकिंग वर्कशॉप, RSC, देहरादून में खगोल विज्ञान प्रशिक्षण और टेलीस्कोप स्थापना, संविधान दिवस, हिंदी कार्यशाला, आफ्टर द डार्क- आकाश दर्शन कार्यक्रम, राष्ट्रीय गणित दिवस, ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला, वंचित बच्चों का विज्ञान केन्द्र भ्रमण, ऑनलाइन भौतिकी कार्यशाला, लंबित मामलों के निपटान हेतु विशेष अभियान आदि कार्यक्रम उल्लेखनीय हैं।

यह केन्द्र आपके लिए सृजनात्मक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। आप सभी से अनुरोध है कि इन कार्यक्रमों में हिस्सा लें और साथ ही साथ कोरोना महामारी से बचने के लिए सरकार द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करें, कोरोना के नए वैरियंट ओमिक्रोन के संक्रमण से बचें। भारत में चल रहे विश्व के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान में भाग लें एवं सुरक्षित रहें।

डी. राम शर्मा



राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने **1 अक्टूबर 2021 को 'गांधी जी और विज्ञान' विषय पर लोकप्रिय व्याख्यान** का आयोजन किया। व्याख्यान श्री उत्तम कुमार सिन्हा, संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय, राजघाट, नई दिल्ली द्वारा दिया गया। व्याख्यान में वक्ता ने विज्ञान और वैज्ञानिक स्वभाव के प्रति गांधीजी के लगाव को समझाया। व्याख्यान सह वार्ता को NSCD TV के आधिकारिक यूट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर भी लाइव स्ट्रीम किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 90 लोगों ने भाग लिया तथा बड़ी संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम को केन्द्र के You Tube चैनल पर लाइव देखा।

# वन्य जीवन सप्ताह का आयोजन

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 4 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2021 के दौरान वन्य जीवन सप्ताह का आयोजन किया । इसके अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता, विशेष विज्ञान प्रदर्शन- पशु कैसे चलते हैं, भारत के वन्यजीव पर लोकप्रिय व्याख्यान- भारत के वन्यजीव-एक अवलोकन जैव विविधता की पहचान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

4 अक्टूबर 2021 को विद्यार्थियों के लिए एक ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से 69 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शृंखला में आगंतुकों के लिए 5 अक्टूबर, 2021 को विज्ञान प्रदर्शन-हाउ एनिमल वॉक का भी आयोजन किया गया। एनिमल वॉक एक ऐसी गतिविधि है जो वन्य जीवन की कल्पना में मदद करती है और उनके साथ एक कड़ी स्थापित करता है। बाल दर्शकों ने अपने अभिभावकों सहित प्रदर्शन में भाग लिया और खूब आनंद उठाया। इस प्रदर्शन में लगभग 41 प्रतिभागियों ने भाग लिया और विशेषज्ञ के साथ बातचीत की।

केन्द्र ने भारत के वन्यजीव पर एक ऑनलाइन व्याख्यान भी आयोजित किया- डॉ देवेंद्र कुमार, मूल्यांकन और निगरानी अधिकारी, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा 6 अक्टूबर 2021 को "भारत के वन्यजीव-एक अवलोकन" विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस लोकप्रिय व्याख्यान के दौरान डॉ देवेंद्र कुमार ने भारत में वन्यजीवों के भौगोलिक वितरण और आवासों पर चर्चा की। व्याख्यान सह वार्ता को NSCD tv के आधिकारिक Youtube channel और NSCD के फेसबुक पेज पर भी लाइव स्ट्रीम किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने इसे केन्द्र के Youtube channel पर लाइव देखा।

7 अक्टूबर 2021 को वन्यजीवों की पहचान (जैव विविधता) पर एक ऑनलाइन संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने वर्गीकरण और विकासवादी प्रभावों के बारे में सीखा।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 5 से 10 अक्टूबर 2021 तक विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाया गया, इसके दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। केंद्र ने 5 और 9 अक्टूबर 2021 को ऑनलाइन फिल्म शो का आयोजन किया। ये शो Google मीट पर ऑनलाइन आयोजित किए गए। फिल्म शो के दौरान, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण पर लघु फिल्में दिखाई गईं।

## मानसिक स्वास्थ्य पर पेंटिंग प्रतियोगिता:

6 अक्टूबर, 2021 को विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिए गए विषय पर पेंटिंग बनाई और उन्हें गूगल फॉर्म द्वारा ऑनलाइन जमा किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के कुल 112 छात्रों ने भाग लिया।



## लोकप्रिय व्याख्यान

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 7 अक्टूबर 2021 को "इंटरनेट, कोविड और हमारे निहितार्थ की खोज" विषय पर लोकप्रिय व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान डॉ. यतन पाल सिंह बलहारा, अतिरिक्त प्रोफेसर, एम्स, नई दिल्ली द्वारा दिया गया। इस लोकप्रिय व्याख्यान के दौरान डॉ. यतन पाल सिंह बलहारा ने एक व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव पर चर्चा की। व्याख्यान को NSCD टीवी आधिकारिक यूट्यूब चैनल और NSCD के फेसबुक पेज पर लाइव स्ट्रीम किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 90 लोगों ने भाग लिया और बड़ी संख्या में लोगों ने इसे केन्द्र के यूट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर लाइव देखा।

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 8 अक्टूबर 2021 को "पुलिस और जेलों में काम करने वाले मनोवैज्ञानिक के रूप में मेरा अनुभव" विषय पर एक अन्य लोकप्रिय व्याख्यान का आयोजन किया। व्याख्यान प्रो. रजत मित्रा, मनोविज्ञान संकाय, एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा द्वारा दिया गया था। इस लोकप्रिय व्याख्यान के दौरान प्रो. रजत मित्रा ने कैदियों के कई केस स्टडी पर चर्चा की। व्याख्यान सह वार्ता को NSCD TV के आधिकारिक यूट्यूब चैनल और NSCD के फेसबुक पेज पर भी लाइव स्ट्रीम किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 115 लोगों ने भाग लिया और बहुत लोगों ने इसे केन्द्र के यूट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर लाइव देखा।



## ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने छात्रों के लिए 10 अक्टूबर, 2021 को ऑनलाइन मानसिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से कुल 503 छात्रों ने भाग लिया। इतनी अधिक संख्या में प्रतिभागिता से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में बढ़ती जागरूकता का भान होता है।

## इनोवेशन सदस्यों के लिए टूल ऑपरेशन वर्कशॉप

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 23 और 24 अक्टूबर 2021 को इनोवेशन सदस्यों के लिए टूल ऑपरेशन वर्कशॉप का आयोजन किया। कोविड 19 की सभी सावधानियों का पालन करते हुए इनोवेशन स्पेस में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान सदस्यों ने मापन तकनीक एवं इसके महत्व, मूलभूत विद्‌युत-इलेक्ट्रॉनिक्स, यांत्रिक उपकरण और जैव प्रौद्योगिकी उपकरणों के प्रयोग को सीखा। उन्होंने Arduino का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के ब्लिंकिंग लाइट प्रोजेक्ट भी बनाए। उन्होंने यांत्रिक उपकरण के उपयोग से सर्प पेंडुलम बनाया।

## हिंदी कार्यशाला

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 26 नवंबर 2021 को 26वीं हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का संचालन डॉ प्रवीण बाला, लेक्चरर, भारती कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी द्वारा गूगल मीट प्लेटफॉर्म पर किया गया। । उत्तरी क्षेत्र एनसीएसएम इकाइयों के स्टाफ सदस्यों ने कार्यशाला में भाग लिया।



## राष्ट्रीय अखंडता दिवस

ऑनलाइन लोकप्रिय व्याख्यान "भारत के एकीकरण की कहानी"- सरदार पटेल का योगदान- राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र दिल्ली ने 31 अक्टूबर 2021 को लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने के लिए ऑनलाइन लोकप्रिय व्याख्यान "द स्टोरी ऑफ यूनाइटेड इंडिया" का आयोजन किया। व्याख्यान श्री आशीष कुमार शुक्ला, सहायक प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, द्वारा दिया गया। वक्ता ने सरदार पटेल द्वारा किए गए प्रयासों से लिए गए विशेष संदर्भ के साथ 565 देशी रियासतों को एक संयुक्त भारत के रूप में एकजुट करने के दौरान भारत सरकार के सामने आने वाली चुनौतियों की व्याख्या की।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। केंद्र के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 26 अक्टूबर 2021 को सतर्कता शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया।
27 अक्टूबर 2021 को 'स्वतंत्र भारत @ 75: अखंडता के साथ आत्म निर्भरता' विषय पर एक लोकप्रिय व्याख्यान का आयोजन किया गया । यह व्याख्यान श्री पी.के. मोहंती केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार द्वारा दिया गया। सभी स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इसे एनएससीडी टीवी ऑफिशियल-यू ट्यूब चैनल पर भी लाइव स्ट्रीम किया गया। लगभग 40 प्रतिभागियों ने ऑफ़लाइन मोड में भाग लिया और लगभग 194 दर्शकों ने YouTube चैनल पर कार्यक्रम देखा। विद्यार्थियों के लिए एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। यह प्रश्नोत्तरी गूगल प्लेटफॉर्म माध्यम से आयोजित की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कुल 224 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा ऑनलाइन वाद-विवाद का भी आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने 'स्वतंत्र भारत @ 75: अखंडता के साथ आत्म निर्भरता' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।
इस दौरान 30 अक्टूबर 2021 को, ऑफ़लाइन फिल्म शो आयोजित किया गया। जिसमे सतर्कता जागरूकता पर लघु फिल्में दिखाई गईं। फिल्मों ने भ्रष्टाचार की बीमारियों को पहचानने और व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर इससे निपटने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## विश्व विज्ञान दिवस

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 10 नवंबर 2021 को विश्व विज्ञान दिवस पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया, जो इस बात पर केंद्रित थी कि विज्ञान के सीमांत विचार पृथ्वी-ग्रह को कैसे रहने के लिए एक बेहतर जगह बना सकते हैं। इस पैनल में जाने-माने वैज्ञानिक संगठनों से विशेषज्ञों ने भाग लिया विश्व विज्ञान दिवस मनाने के लिए डॉ. टीवी वेंकटेश्वरन, वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रभाग प्रमुख: विज्ञान संचार प्रशिक्षण, विज्ञान प्रसार, नोएडा, डॉ श्रीधर शिव सुब्बू, प्रधान वैज्ञानिक, जेब्राफिश फंक्शनल जीनोमिक्स, (सीएसआईआर) - इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एण्ड इंटीग्रेटेड बायोलॉजी, नई दिल्ली, प्रो. (डॉ.) वेणु गोपाल अचंता, निदेशक, (सीएसआईआर)-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली और डॉ. राजीव शर्मा, वैज्ञानिक, फ्रंटियर एंड फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजीज विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, ने चर्चा में भाग लिया। श्री प्रणव शर्मा, विज्ञान इतिहासकार, L'Institut Francais en Inde (IFI) - द फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया, नई दिल्ली ने प्रभावी ढंग से मॉडरेटर के रूप में कार्य करते हुए चर्चा का प्रबंधन किया। चर्चा शांति और विकास पर केंद्रित थी; चर्चा करने वालों ने आकर्षक वैज्ञानिक वक्तव्य दिये। समाज में बड़े बदलाव लाने के लिए, वैज्ञानिक संस्थानों को स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान पर नई नई तकनीक पर कार्य करना चाहिए। पैनलिस्टों ने विज्ञान, वैज्ञानिक विचारों और वैज्ञानिक संस्थानों को अधिक स्वागत योग्य और सुलभ बनाने पर जोर दिया। पैनल डिस्कशन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।




## पृथ्वी विज्ञान सप्ताह समारोह

राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली, में दिल्ली विश्वविद्यालय के राम लाल आनंद कॉलेज की जियोलॉजिकल सोसाइटी, टेरे-एक्स के सदस्यों ने पृथ्वी विज्ञान सप्ताह 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2021 तक आयोजित की। इन सदस्यों ने दर्शकों को पृथ्वी विज्ञान के बारे में जागरूक किया। यह गतिविधि पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में वैज्ञानिक संचार को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। छात्र गाइडों ने जल-जीवन का अमृत गैलरी, प्रागैतिहासिक जीवन गैलरी और हॉल ऑफ न्यूक्लियर पावर में प्रदर्शों का प्रदर्शन किया। रॉक एंड फॉसिल शो, स्वागत क्षेत्र में आयोजित किया गया, जहां छात्रों ने कॉलेज से विभिन्न जीवाश्म, चट्टानों और खनिजों के नमूने प्रदर्शित किए। प्रदर्शन के दौरान विभिन्न समूहों के जीवाश्म नमूनों उनके संरक्षण के तरीके आदि के बारे में आगंतुकों को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और स्वयंसेवकों के साथ बातचीत की।

## कम लागत वाली शिक्षण सहायक सामाग्री के विकास पर कार्यशाला

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने विश्व विज्ञान दिवस (10 नवंबर 2021) के अवसर पर सेवारत शिक्षकों के लिए कम लागत वाली शिक्षण सहायता सामग्री के विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें भाग लेने वाले शिक्षकों को जड़त्व, वायुदाब और ऊर्जा पर शिक्षण सहायक सामग्री के विकास में प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न प्रकार के इंजन- पर प्रदर्शन व्याख्यान भी आयोजित किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के कुल 70 शिक्षकों ने भाग लिया।

## बाल दिवस - बच्चों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला कार्यक्रम

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 14 नवंबर से 21 नवंबर 2021 तक बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए वैज्ञानिक गतिविधियों से भरा एक सप्ताह पर्यन्त कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में केन्द्र का विशेष दौरा, विज्ञान शो, ऑनलाइन विज्ञान प्रश्नोत्तरी, ऑनलाइन पेंटिंग प्रतियोगिता, ऑनलाइन विज्ञान प्रयोग, विज्ञान वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता, आकाश दर्शन, ओपन हाउस प्रश्नोत्तरी और साइंस फिल्म शो का आयोजन किया गया। इन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कार्यक्रमों में लगभग 1500 बच्चों ने भाग लिया।
14 नवंबर 2021 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत कार्यरत राष्ट्रीय लोक सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) के सहयोग से दिल्ली के प्रोबेशन होम के बच्चों के लिए विशेष दौरा आयोजित किया गया। भ्रमण हेतु 30 बच्चों को आमंत्रित किया गया। दीर्घा भ्रमण के दौरान विशेष रूप से उनकी रुचि जैसे कि फन साइंस, प्रागैतिहासिक जीवन दीर्घा आदि दिखाए गए। बच्चों ने केन्द्र की विभिन्न अन्य सुविधाओं जैसे फैंटेसी राइड, 3 डी शो, होलोशो और साइंस शो को देखने के लिए 3 घंटे से अधिक समय व्यतीत किया। केन्द्र के शिक्षा विभाग के सदस्यों ने भ्रमण में बच्चों की मदद की। इस अवसर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया और सही उत्तर देने वाले बच्चों को विज्ञान केन्द्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती संघमित्रा, संयुक्त निदेशक, NIPCCD, एवं अन्य अधिकारी गण विद्यार्थी समूह के साथ उपस्थित रहे।





## कॉमिक्स मेकिंग वर्कशॉप

राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली ने विद्यार्थियों हेतु 20 और 21 नवंबर 2021 को डिजिटल सुरक्षा विषय पर कॉमिक्स मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान छात्रों को हास्य पुस्तक बनाने और कार्टून का उपयोग करके कहानी सुनाने का बुनियादी प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों ने डिजिटल और सोशल मीडिया धोखाधड़ी से जुड़ी अपनी कहानियां साझा की जो उनके जीवन काल में सामने आती हैं। प्रतिभागियों की कहानियों में साइबर धोखाधड़ी या गलत सूचना का शिकार होना शामिल है जो सोशल मीडिया पर आयोजित या फैलाई जाती हैं। इस वर्कशॉप में स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वर्ल्ड कॉमिक्स नेटवर्क समूह के कार्टूनिस्ट और संस्थापक श्री शरद शर्मा की टीम ने प्रतिभागियों को कार्टून बनाने के विभिन्न कौशल सिखाये एवं राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यशाला में कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## आफ्टर द डार्क-आकाश दर्शन कार्यक्रम

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र , दिल्ली ने उत्साही दर्शकों के लिए 'आफ्टर द डार्क-आकाश दर्शन कार्यक्रम' का आयोजन किया। 20 नवंबर, 5, 12, 18 और 26 दिसंबर 2021 को शाम के समय केन्द्र में बच्चों, अभिभावकों और युवाओं को आमंत्रित किया गया। प्रतिभागियों ने दूरबीन के माध्यम से चंद्रमा और उसके क्रेटर, बृहस्पति ग्रह एवं उसके चंद्रमा शनि और शुक्र ग्रह को देखा। केन्द्र की शिक्षा टीम ने भी अभिभावकों और बच्चों के जिज्ञासु सवालों के जवाब दिए। इस दौरान कार्यक्रम में करीब 470 लोग शामिल हुए।

## राष्ट्रीय गणित दिवस- ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र , दिल्ली ने 22 दिसंबर 2018 को राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाने के लिए इंटरैक्टिव ऑनलाइन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला – मनोरंजक गणित का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने कम लागत वाली गणितीय शिक्षण सामग्री बनाई। कार्यशाला में दिल्ली और NCR के विभिन्न स्कूलों के लगभग 100 शिक्षकों ने भाग लिया।

## वंचित बच्चों का दौरा

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र , दिल्ली ने वैज्ञानिक प्रवृत्ति विकसित करने और उनमें विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए समाज के वंचित वर्ग के लिए दीर्घाओं का निर्देशित दौरा और विशेष शो आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और आगन्तुकों को विज्ञान सीखने के लिए एक समृद्ध अनुभव प्रदान करना और दिलचस्प तरीके से वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ाना था। लगभग 200 आगन्तुकों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

## ऑनलाइन भौतिकी कार्यशाला

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र , दिल्ली और आर्क डेवलपमेंट फाउंडेशन, गुजरात ने 2 दिसंबर 2021 को संयुक्त रूप से छात्रों, और शिक्षकों के लिए ऑनलाइन भौतिकी कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने घरेलू सामग्री का उपयोग करके सरल प्रयोग करते हुए सरल तरीके से वैज्ञानिक सिद्धांतों को सीखा। कार्यक्रम में कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## विशेष अभियान

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 3.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक लंबित VIP संदर्भों और अन्य याचिकाओं / संदर्भों, फाइलों की छंटाई और स्थान खाली करने, स्क्रैप का निपटान, बाहरी और आन्तरिक स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चला रहा है। इस विशेष अभियान में सभी कर्मचारियों ने भाग लिया।

# संजीवनी



### आँवला-(अमृत फल)

वानस्पतिक नाम- फिलैन्थस एंबेलिका

विटामिन-सी से भरपूर आँवला, हर मौसम में लाभदायक होता है। यह आंखों, बालों और त्वचा के लिए विशिष्ट रूप से लाभदायक है। आँवला रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ा कर आपके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं।

## आंचलिक विज्ञान केन्द्र, देहरादून में खगोल विज्ञान प्रशिक्षण और टेलीस्कोप स्थापना



राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने 18 से 20 नवंबर 2021 तक आंचलिक विज्ञान केन्द्र, देहरादून के कर्मचारियों के लिए खगोल विज्ञान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को टेलीस्कोप को संभालने और प्रभावी खगोल विज्ञान कार्यशालाओं के संचालन के मूल विचार पर चर्चा की गई। मीड LX 600 ACF टेलीस्कोप -10" गो-टू; विज्ञान केन्द्र की छत पर वेज के साथ और बिना F/8 टेलीस्कोप स्थापित किया गया था और ग्रहों का अवलोकन किया गया- शुक्र, शनि, बृहस्पति को उनके चंद्रमाओं के साथ पृथ्वी के चंद्रमा को भी देखा गया। टेलिस्कोप के संचालन पर स्टाफ सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। 'चंद्रमा हमारा खगोलीय पड़ोसी', 'सौर मंडल' और 'धूमकेतु' पर खगोल विज्ञान सत्र आयोजित किए गए। स्टेलेरियम सॉफ्टवेयर का उपयोग करके आकाशीय पिंडों को पढ़ने और उनका पता लगाने के लिए खगोलीय मानचित्र पर भी चर्चा की गई।

सत्यमेव जयते

## संविधान दिवस

राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली ने संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर 2021 को स्टाफ सदस्यों के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों ने संविधान की प्रस्तावना (ऑनलाइन) पढ़ने तथा प्रश्नोत्तरी में प्रतिभागिता की। भारत सरकार के इस कार्यक्रम को केन्द्र के सदस्यों ने मीडिया माध्यम से जीवंत देखा, स्टाफ सदस्यों के लिए सरदार पटेल गैलरी के विशेष भ्रमण का आयोजन भी किया गया इसमें भारतीय संविधान पुस्तक की प्रति दिखाई गई।



Ministry of Culture
Government of India

# राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, दिल्ली

(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्) संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार
भैरों मार्ग, प्रगति मैदान, नई दिल्ली -110001